अर्थ—मन को बहुत लुभाने वाली एवं मन में द्वेष उत्पन्न करने वाली तुच्छ घटनाओं तथा इस प्रकार के इष्टानिष्ट शब्दादि विषयों में साधक मन न लगाए; अपनी आत्मा

[१२] रक्खिज्ज—अ, इ, ऋ, लृ। मोहं—इ।

अर्थ—तथा वह अज्ञानी और बहुमत की दुहाई देकर अपनी बात सिद्ध करने को इस प्रकार धृष्टता करता है कि 'मैं तो लोगों के साथ होऊंगा।' और कामभोगों में अनुराग रखने से वह क्लेश के कीचड़ में फँस जाता है।

काम-भोगों में आसक्ति का परिणाम—

८. तओ से दण्डं समारभई, तसेसु थावरेसु य।
अट्ठाए य अणट्ठाए, भूय-गामं विहिंसई॥

छाया—ततः स दण्डं समारभते, त्रसेषु स्थावरेषु च।
अर्थाय चानर्थाय, भूतग्रामं विहिनस्ति॥

---

[७] पगब्भई—अ, इ, ऋ, लृ। काम भोगाणुराएणं—ऋ। संपडिवज्जई—अ, इ, ऋ, लृ।

[८] समारभई—अ, इ, ऋ, लृ। विहिंसई—अ, इ, ऋ, लृ।

†. पूर्वं लोपोऽत्यादेशश्च पश्चात्कृतः समासः।

अर्थ—फिर वह ऐन्द्रिय सुखों को पूरा करने के लिये स्थावर एवं त्रस जीवों को पीड़ा देने लग जाता है। यहां तक ही नहीं, अपितु प्रयोजन एवं निष्प्रयोजन का विवेक खो कर अपनी क्रीड़ा-मात्र के लिये भी प्राणि-समूह की हिंसा करने लग जाता है।

९. हिंसे बाले मुसा-वाई, माइल्ले पिसुणे सढे।
भुंजमाणे सुरं मंसं, सेयमेयं ति मन्नइ॥

छाया—हिंस्रो बालो मृषावादी, मायावी पिशुनः शठः।
भुञ्जानः सुरां मांसं, श्रेय इदमिति मन्यते॥

अर्थ—वह अज्ञानी जीव, हिंसा करने वाला, झूठ बोलने वाला, छल कपट करने वाला, चुगली खाने वाला एवं शठता का आचरण करने वाला, मदिरा मांस का सेवन करते हुए 'यह ठीक है' ऐसा मानता है।

१०. कायसा वयसा मत्ते, वित्ते गिद्धे य इत्थिसु।
दुहओ मलं संचिणइ, सिसु-णागो व्व मट्टियं॥

[९] मन्नई—अ, इ, श्र, ल।
[१०] सिसुणागु व्व—अ; सिसुणागुव्व—उ, ल।

†. आल्विल्लोल्लाल-वन्त-मन्तेत्तेर-मणा मतोः ॥८।२।१५९॥ हे० ॥

‡. अर्द्धमागधी कोष (कान्फ्रेन्स) भाग ४ पृष्ठ—७६० सिसुनाग. पु० (शिशुनाग) अलसिया। पाइअ-सद्द-महण्णवो पृ० ११३८—सिसुनाग. पुं [शिशुनाग] क्षुद्र कीटविशेष, अलस (उत्तरा० ५,१०)।

§. वृत्त-प्रवृत्त-मृत्तिका-पत्तन-कदर्थिते टः ॥८।२।२९॥ हे० ॥

छाया—ततः स मरणान्ते, बालः संत्रस्यति भयात् ।
अकाममरणं म्रियते, धूर्त इव कलिना जितः ॥

अर्थ—तब वह अज्ञानी जीव एक ही दाव में हारे हुए जुआरी के समान, ऐन्द्रिय सुखों में अपने अमूल्य जीवन को गंवा कर मरते समय परलोक की यातनाओं से डरता है और अकाममरण मरता है ।

२. सकाम मरण—

१७. एयं अकाम-मरणं, बालाणं तु पवेइयं ।
एत्तो सकाम-मरणं, पंडियाणं सुणेह मे ॥

छाया—एतदकाममरणं, बालानां तु प्रवेदितम् ।
इतः (परं) सकाममरणं, पण्डितानां शृणुत मे ॥

अर्थ—यह तो अज्ञानियों का अकाममरण कहा गया है, अब आगे मेरे से पण्डित जनों के सकाममरण के विषय में सुनो ।

१८. मरणं पि स-पुण्णाणं, जहा मेऽयमणुस्सुयं ।
विप्पसन्नमणाघायं, संजयाणं वुसीमओ ॥

[१७] इत्तो—उ, ऋ, लृ ।

[१८] मरणंपि—ऋ । मेयमणुस्सुयं—अ, ऋ, लृ । विप्पसण्णमणाघायं—अ, ऋ, लृ; विप्पसण्ण मणाघायं— उ । संजयाण—अ,इ, लृ ।

†. एतदोऽन् ॥५।३।५॥ पा० ॥

‡. समीपार्थेऽत्र ।

छाया—सन्त्येकेभ्यो भिक्षुभ्यो, गृहस्थाः संयमोत्तराः ।
अगारस्थेभ्यश्च सर्वेभ्यः, साधवः संयमोत्तराः ॥

अर्थ—कुछ साधुओं से कुछ गृहस्थों का संयम अच्छा है और सब गृहस्थों से सब साधुओं का संयम श्रेष्ठ है।

२१. चीराजिणं नगिणिणं, जडी-संघाडि-मुण्डिणं ।
एयाणि वि न तायन्ति, दुस्सीलं परियागयं ॥

छाया—चीराजिनं नाग्न्यं, जटि-संघाटि-मुण्डित्वम् ।
एतान्यपि न त्रायन्ते, दुःशीलं पर्यागतम् ॥

अर्थ—वस्त्र एवं मृग-चर्म धारण करने वाले, नग्न रहने वाले, जटा-धारी, केवल एक गोदड़ी रखने वाले और शिरोमुण्डित रहने वाले—ये प्रव्रजित साधुओं के नाना प्रकार के वेष भी कुआचरण-शीलों के रक्षक नहीं होते।

२२. पिंडोलए व्व दुस्सीले, नरगाओ न मुच्चई ।
भिक्खाए वा गिहत्थे वा, सुव्वए कम्मई दिवं ॥

---

[२१] जडी संघाडिमुण्डिणं—अ, उ, ऌ; जडी संघाडी मुण्डिणं—ऋ।
पडियागयं—इ ।

[२२] पिंडोलए व—उ, ऋ; पिंडोलएव्व—ऌ; पिंडोल एव्व—अ ।
मुच्चई—अ, इ, ऋ । कम्मई—अ, इ, उ, ऋ ।

†. दीर्घह्रस्वौ मिथो वृत्तौ ॥८।१।४॥ हे० ॥

‡. अपि गर्हायाम् ।

§. एवौपम्ये परिभव ईषदर्थेऽवधारणे । —हैमानेकार्थसंग्रहः ७।५५॥

२४. एवं सिक्खा-समावन्ने, गिहि-वासे वि सुव्वए ।
मुच्चई छवि-पव्वाओ, गच्छे जक्ख-सलोगयं ॥

छाया—एवं शिक्षासमापन्नः, गृहवासेऽपि सुव्रतः ।
मुच्यते छविपर्वणः, गच्छेद् यक्षसलोकताम् ॥

अर्थ—इस प्रकार के शिक्षण से युक्त व्यक्ति गृहस्थ अवस्था में रहते भी सुव्रती है। वह इस प्रकार जीवन-यापन करते हुए अन्त में हड्डी-मांस के इस शरीर को संलेखना द्वारा छोड़ता है एवं यक्षों के देव लोक में जाता है।

सुव्रती साधु—

२५. अह जे संवुडे भिक्खू, दोण्हं अन्नयरे सिया ।
सव्व-दुक्ख-पहीणे वा, देवे वावि महिड्ढिए ॥

छाया—अथ यः संवृतो भिक्षुः, द्वयोरन्यतरः स्यात् ।
सर्वदुःखप्रहीणो वा, देवो वाऽपि महर्द्धिकः ॥

[२४] गिह—उ, ऋ। छविपव्वाओ मुच्चई,—ऋ; मुच्चई—अ, [illegible] [illegible] सलोगयं—'ऋ' का यथार्थ तथा अन्य हस्त-लिखित प्रति

[२५] [illegible]—उ।

†. अन्नयरस्स ॥८।१।३१॥ हे० ॥ ऊत् ॥

‡. [illegible] वा ॥८।२।१६४॥ हे० ॥

§. लोपि ॥८।४।६०॥ पा० ॥

छाया—तेषां श्रुत्वा सत्पूज्यानां, संयतानां वश्यवताम् ।
न संत्रस्यन्ति मरणान्ते शीलवन्तो बहुश्रुताः ॥

अर्थ—उन स्थानों को प्राप्त करने वाले जितेन्द्रिय सत्पूज्य संयमियों के जीवन-चरितों को सुन कर चारित्र-शील बहुश्रुत पुरुष मृत्यु के समय नहीं घबराते।

३०. तुलिया विसेसमादाय, दया-धम्मस्स खन्तिए।
विप्पसीएज्ज मेहावी, तहाभूएण अप्पणा ॥

छाया—तोलयित्वा विशेषमादाय दयाधर्मस्य क्षान्त्या ।
विप्रसीदेन्मेधावी, तथाभूतेनात्मना ॥

अर्थ—सकाम-मरण और अकाम-मरण इन दोनों को तोल कर और विशेषता वाले को ग्रहण करके बुद्धिमान् पुरुष दयाधर्म-युक्त क्षमाशील तथाभूत आत्म-स्वरूप से अपनी आत्मा को खूब प्रसन्न करे।

३१. तओ काले अभिप्पेए, सड्ढी तालिसमन्तिए।
विणएज्ज लोम-हरिसं, भेयं देहस्स कंखए ॥

छाया—ततः काले अभिप्रेते, श्राद्धः तादृशमन्तिके ।
विनयेल्लोमहर्षं, भेदं देहस्य काङ्क्षेत ॥

---

[३०] विप्पसीदेज्ज—उ ।

†. क्त्वादिभ्यस्त्तस्तयोर्या वा।२।३।९५॥ जैनसिद्धान्तकौमुदी ॥ इति सूत्रेण त्वाप्रत्ययस्य तकारद्वयस्य यकारादेशः विकल्पेन ॥

५. गवासं मणि-कुण्डलं, पसवो दास-पोरुसं।
सव्वमेयं चइत्ताणं, काम-रूवी भविस्ससि॥

छाया—गवाश्वं मणिकुण्डलं, पशवो दासपौरुषम्।
सर्वमेतत् त्यक्त्वा, कामरूपी भविष्यसि॥

अर्थ—हे आत्मन्! जो ये हाथी घोड़े मोती मणी एवं कुण्डलादि भूषण तथा गाय भैंस व अन्य पशु और नौकर चाकर के समूह हैं—इन सब का त्याग करके, त्यागी-जीवन बिता कर तू इच्छानुकूल रूप बनाने वाला देव हो जायगा।

६. थावरं जंगमं चेव, धणं धण्णं उवक्खरं।
पच्चमाणस्स कम्मेहिं, नालं दुक्खाओ मोयणं॥

छाया—स्थावरं जङ्गमं चैव, धनं धान्यमुपस्करम्।
पच्यमानस्य कर्मभिः, नालं दुःखान्मोचनं॥

अर्थ—ये घर-बार और साज-सामान तथा धन-धान्य एवं मानव-परिवार—कोई भी कर्मों द्वारा पीड़ित की पीड़ा से छुड़ाने में सर्वथा समर्थ नहीं हैं।

---

[५] चइत्ता णं—अ।
[६] यह गाथा 'अ' प्रति में नहीं तथा 'ह' में प्रक्षिप्त दिखाई गई है। दुक्खाउ—उ, ह। मोअणे—अ।
†. तक्कादिभ्यो णत्थणको तः।४।२।६॥ जैनसिद्धान्तकौमुदी॥

७. अज्झत्थं† सव्वओ सव्वं, दिस्स पाणे पियायए ।
न हणे पाणिणो पाणे, भय-वेराओ उवरए ॥

छाया—अध्यात्मस्थं सर्वतः सर्वं, दृष्ट्वा प्राणान्प्रियात्मकान् ।
न हन्यात्प्राणिनः प्राणान्, भयवैरादुपरतः ॥

अर्थ—सब स्थानों पर होने वाला यह सारा सुख दुःख तुम्हारे अपने अधीन है अर्थात् तुम्हारा अपना उत्पन्न किया हुआ है। अतः किसी के प्रति रोष दोष एवं भय विरोध का त्यागी साधक प्रत्येक के प्रिय-स्वरूप प्राणों को समझ कर किसी प्राणी के प्राणों को न सताए।

८. आयाणं नरयं दिस्स, नायएज्ज तणामवि ।
दोगुञ्छी अप्पणो पाए, दिन्नं भुंजेज्ज भोयणं ॥

छाया—आदानं नरकं दृष्ट्वा, नाददीत तृणमपि ।
(पापानां) जुगुप्सी आत्मनः पात्रे, दत्तं भुञ्जीत भोजनम् ॥

अर्थ—परिग्रह को नरक का कारण जान कर एक तृण भी बिना आज्ञा न ले। पाप से घृणा करने वाला साधक अपने पात्र में दिया गया भोजन करे।

---

[८] आदाणं—इ, ल, । भुंजिज्ज—इ ।

†. बंधपमोक्खो तुज्झऽज्झत्थेव—आचाराङ्ग सूत्र १।५।२।५॥

९. इहमेगे उ मन्नंति, अपच्चक्खाय पावगं ।
आयरियं विदित्ताणं, सव्व-दुक्खाण मुच्चइ ॥

छाया—इहैके तु मन्यन्ते, अप्रत्याख्याय पापकं ।
आचार्यं विदित्वा, सर्वदुःखेभ्यो मुच्यते ॥

अर्थ— इस से विपरीत इस संसार में कई एक ऐसा मानते हैं कि पाप-कर्म के त्याग किये बिना ही अपने आचार्य के कथन को जान लेने मात्र से ही कोई अपने सब दुःखों से छूट जाता है अर्थात् मुक्त हो जाता है ।

१०. भणंता अकरेन्ता य, बन्ध-मोक्ख-पइण्णिणो ।
वाया-विरिय-मेत्तेण, समासासेन्ति अप्पयं ॥

छाया—भणन्तोऽकुर्वन्तश्च, बन्धमोक्षप्रतिज्ञिनः ।
वाग्वीर्यमात्रेण, समाश्वासयन्त्यात्मानम् ॥

[९] [illegible]

[illegible]

अर्थ—बन्ध और मोक्ष का केवल कथन करने वाले जो कहते ही हैं और करते कुछ नहीं, वे मात्र वाग्शूरता से अपनी आत्मा को भली प्रकार आश्वासन देते हैं।

११. न चित्ता तायए भासा, कुओ विज्जाणुसासणं।
विसन्ना पाव-कम्मेहिं, बाला पंडिय-माणिणो॥

छाया—न चित्रा त्रायते भाषा, कुतो विद्यानुशासनम्।
विषण्णाः पापकर्मभिः, बालाः पण्डितमानिनः॥

अर्थ—ये सुन्दर भाषण एवं वार्तालाप जीव का रक्षण नहीं कर सकते तो फिर विद्याओं पर अनुशासन करने वाले ये व्याकरण न्याय योग एवं वेदान्त आदि शास्त्र कैसे रक्षा कर सकते हैं। अपने को पण्डित मानने वाले जो पाप-कर्म का त्याग नहीं करते वे अज्ञानी जीव वास्तव में पाप-कर्मों में लिप्त हैं।

१२. जे केइ सरीरे सत्ता, वण्णे रूवे य सव्वसो।
मणसा काय-वक्केणं, सव्वे ते दुक्ख-सम्भवा॥

छाया—ये केचित् शरीरे सक्ताः, वर्णे रूपे च सर्वशः।
मनसा कायवाक्येन, सर्वे ते दुःखसम्भवाः॥

1. चित्रं किर्मीर-कल्माष-शबलैताश्च कर्बुरे। —अमरकोष 1।6।17॥

१७. एसणा-समिओ लज्जू, गामे अणियओ चरे।
अपमत्तो पमत्तेहिं, पिंड-वायं गवेसए॥

छाया—एषणासमितो लज्जावान्, ग्रामेऽनियतश्चरेत्।
अप्रमत्तः प्रमत्तेभ्यः, पिण्ड(पात्रि)पातं गवेषयेत्॥

अर्थ—धर्म की लाज रखने वाला एवं एषणा समिति के बयालीस दोषों को टालने वाला साधक ग्रामादि में प्रतिबन्ध-रहित होकर विचरण करे और प्रमत्त लोगों में अप्रमत्त होकर भिक्षा की गवेषणा करे।

१८. एवं से उदाहु अणुत्तर-णाणी
अणुत्तर-दंसी, अणुत्तर-णाण-दंसण-धरे।
अरहा णाय-पुत्ते भगवं,
वेसालिए वियाहिए; त्ति बेमि॥

इअ खुड्डाग-नियंठिज्जं नामं छट्ठं अज्झयणं समत्तं॥६॥

---

[१८] यह १८ अङ्क 'अ', 'ऋ' और 'लृ' में नहीं दिया है।
णाणी—अ, ई, ऋ, लृ। नाण—अ, ई, ऋ, लृ। नाय—अ, ई, ऋ, लृ।

१. [illegible] ॥८।२।१४१॥ [illegible]॥

२. [illegible] ॥८।३।१९१॥ [illegible]॥

छाया—एवं स उदाहृतवान् अनुत्तरज्ञानी,
अनुत्तरदर्शी अनुत्तरज्ञानदर्शनधरः ।
अर्हन् ज्ञातपुत्रो भगवान्,
वैशालिके व्याख्याते; इति ब्रवीमि ॥

इति क्षुल्लकनिर्ग्रन्थीयं षष्ठमध्ययनं समाप्तम् ॥६॥

अर्थ—इस प्रकार परम-ज्ञानी सर्व-दर्शी एवं पूर्ण-ज्ञान और पूर्ण-दर्शन दोनों के धर्ता अरिहन्त भगवान् ज्ञात-वंशीय उस वर्द्धमान स्वामी ने वैशाली नगरी के एक व्याख्यान में अन्त में 'त्ति बेमि' कह कर यह प्रतिपादन किया है ।

प्रारम्भिक साधना वाले निर्ग्रन्थों का आचार बताने वाला 'क्षुल्लक-निर्ग्रन्थ' नामक यह छट्ठा अध्ययन समाप्त हुआ ॥६॥

अह एलयं सत्तमं अज्झयणं

१. जहाऽऽएसं समुद्दिस्स, कोइ पोसेज्ज एलयं ।
ओयणं जवसं देज्जा, पोसेज्जा* वि सयङ्गणे ॥

छाया—यथाऽऽदेशं समुद्दिश्य, कोऽपि पोषयेदेडकम् ।
ओदनं यवसं दद्यात, पोषयेदपि स्वकाङ्गणे ॥

अर्थ—जैसे कोई प्राघूर्णक—अतिथि (महमान) के उद्देश्य से मेढे को पालता है और अपने घर के आङ्गण में उसे चावल जौं आदि खाने को देता है तथा उसे हृष्ट-पुष्ट बनाता है।

२. तओ से पुट्ठे परिवूढे, जाय-मेए महोदरे ।
पीणिए विउले देहे, आएसं परिकंखए ॥

छाया—ततः स पुष्टः परिबृंढः†, जातमेदाः महोदरः ।
प्रीणितो विपुलो देहः, आदेशं परिकाङ्क्षति ॥

---

[१] जहा एसं—इ । ओदनं—ट । पोसेज्जावि—अ, ऋ, लृ ।
[२] मेदे—इ ।

†. आदिश्यते विविधव्यापारेषु परिजनोऽस्मिन्नायाते इत्यादेशः, प्राघूर्णकः।
—कमलसंयमी ।

‡. प्रभौ परिवृढः ॥७।२।२१॥ पा० ॥

अर्थ—तब वह हृष्ट-पुष्ट बलवान् होकर बढ़ी हुई चर्बी एवं बड़े उदर युक्त विशाल काया वाला मेढा अतिथि की प्रतीक्षा के लिये है।

३. जाव न एइ आएसे, ताव जीवइ सो दुही।
अह पत्तम्मि आएसे, सीसं छेत्तूण भुज्जई॥

छाया—यावन्नैत्यादेशः, तावज्जीवति स दुःखी।
अथ प्राप्ते आदेशे, शीर्षं छित्वा भुज्यते॥

अर्थ—जब तक वह अतिथि नहीं आता है तब तक वह आगे दुःख उठाने वाला मेढा जी रहा है और अतिथि के आने पर सिर काट कर (मार कर) खा लिया जाता है।

४. जहा से खलु उरब्भे, आएसाए समीहिए।
एवं बाले अहम्मिट्ठे, ईहई नरयाउयं॥

छाया—यथा स खलु उरभ्रः, आदेशाय समीहितः।
एवं बालोऽधर्मिष्ठः ईहते नरकायुष्कम्॥

---

[३] से—ऋ। भुज्जई—अ, इ, ऋ।

[४] ओरब्भे—उ, ऋ। ईहई—अ, इ, ऋ, ल।

†. सुखादिभ्यश्च ।५।२।१३१॥ पा० ॥ मत्वर्थे इनिः॥

‡. अथ शब्दोऽनन्तरार्थे पृष्ठ ४२ §.

§. अतिशायने तमबिष्ठनौ ।५।३।५५॥ पा० ॥ स्वार्थे॥

भावार्थ—जैसे मेढ़ा अतिथि के लिये पाला जाता है इसी प्रकार पापी में भोगता हुआ सब भोगता और नरकायु को चाहता रहा है—नरक का बन्धन कर रहा है।

त्रिभिर्विशेषकम्—

५. हिंसे बाले मुसावाई, अद्धाणंमि विलोवए।
अन्न-दत्त-हरे तेणे, माई कं-नु-हरे सढे॥

६. इत्थी-विसय-गिद्धे य, महारंभ-परिग्गहे।
भुंजमाणे सुरं मंसं, परिवूढे परंदमे॥

७. अय-कक्कर-भोई य, तुंदिल्ले चिय-लोहिए।
आउयं नरए कंखे, जहाऽऽएसं व एलए॥

[५] अद्धाणम्मि—इ, उ; अद्धाणंमि—ऋ।

[७] तुंडिल्ले—अ, ल; तुंदिल्ले—उ।

†. सि ।४।३।२२॥ जैनसिद्धान्तकौमुदी ॥ इति सूत्रेण सप्तम्येकवचने मेः स्थाने सिरादेशो वा स्यादस्त्रियाम्। 'मौ व्यञ्जनादौ नाम्नः' ॥४।२।१८॥ जैन० ॥ ममागमः स्यात्॥

‡. नु प्रश्नेऽनुनयेऽतीतार्थे विकल्पवितर्कयोः।
—हैमानेकार्थसङ्ग्रहः ।७।१६॥

§. स्त्रिया इत्थी ॥८।२।१३०॥ हे०॥

£. ताच्छील्ये शानच्।

$. मांसादिष्वनुस्वारे ॥८।१।७०॥ हे०॥ आदेरातः अद् भवति॥

φ. स्वार्थे कश्च वा ॥८।२।१६४॥ हे०॥ विकल्पेन डिल्ल-डुल्लौ भवतः॥

छाया—हिंस्रो बालो मृषावादी, अध्वनि विलोपकः ।
अन्यदत्तहरः स्तेनः, मायी कन्नुहरः शठः ॥
स्त्रीविषयगृद्धश्च, महारम्भपरिग्रहः ।
भुञ्जानः सुरां मांसं, परिवृढः परंदमः ॥
अजकर्करभोजी च, तुन्दिलश्चितलोहितः ।
आयुष्कं नरकाय काङ्क्षति, यथाऽऽदेशमिवैडकः ॥

अर्थ—वह अज्ञानी हिंसा करने वाला, झूठ बोलने वाला, चोरी करने वाला, मार्ग में लोगों को लूटने वाला अन्य की दी (रखी) हुई वस्तु को हड़प करने वाला, अनेक छल प्रपञ्चों का कर्ता धूर्त प्रत्येक क्षण यह सोचता है कि अब किस को ठगूं ? तथा स्त्री एवं पाञ्चों इन्द्रियों के विषयों में गृद्धित, महारम्भी, महापरिग्रही (लोभी), मांस मदिरा का खाने-पीने वाला, धन-बल एवं जन-बल से बढ़ा हुआ होने पर अथवा (परिवृढ) समर्थ अधिकारी होने पर दूसरों पर अत्याचार करने वाला और बकरे के मांस को भून-भून कर (कबाब) खाने वाला जो अपने रक्त-मांस को बढ़ा कर लम्बे पेट वाला हो गया है वह ऐसे ही नरक की राह देख रहा है जैसे कि वह मेंढा अतिथि की प्रतीक्षा में समय पूरा कर रहा है ।

युग्म—

८. आसणं सयणं जाणं, वित्तं कामे यं भुंजिया ।
दुस्साहडं धणं हिच्चा, बहुं संचिणिया रयं ॥

[८] कामाणि भुंजिया—इ । बहु—त्रृ ।

†• क्लीबे स्वरान्म् से ॥८।३।२५॥ हे० ॥

१३. अणेग-वासा-नउया, जा सा पन्नवओ ठिई ।
जाणि जीयंति दुम्मेहा, ऊणे-वास-सयाउए ॥

छाया—एवं मानुष्यकाः कामाः, देवकामानामन्तिके ।
सहस्रगुणिता भूयः, आयुः कामाश्च दिव्यकाः ॥

अनेकवर्षनयुतानि, या सा प्रज्ञावतः स्थितिः ।
यानि जीयन्ते दुर्मेधसः, ऊनवर्षशतायुषि ॥

अर्थ—इसी प्रकार देवों के ऐन्द्रिय सुखों के आगे मनुष्यों के ऐन्द्रिय सुख अल्प हैं, इन को सहस्र बार हजारों गुणा करने पर ये देवताओं के ऐन्द्रिय सुख एवं उनकी आयु होती है जो कि अपना हिताहित समझ कर एवं संयम पाल कर बने हुए बुद्धिमान देवताओं की अनेक नयुत वर्षों की वह आयु है जिसे ये दुर्बुद्धि पुरुष सौ वर्ष से भी कम आयुष्काल के लिये हार देते हैं ।

तीन व्यापारियों का दृष्टान्त (युग्म)—

१४. जहा य तिन्नि वणिया, मूलं घेत्तूण निग्गया ।
एगोऽत्थ लहई लाहं, एगो मूलेण आगओ ॥

[१३] ठिइ—इ । ऊणे वाससयाउए—उ, ऋ, लृ ।

[१४] वाणिया—अ, इ, उ ॥ लहई—अ, ऋ; लहए—ई, उ, लृ । लाभं—अ, इ, ऋ, लृ ।

†. क्त्वा-तुम-तव्येषु घेत् ॥८।४।२१० ॥ हे० ॥ ग्रहधातोः ॥

अर्थ— इस प्रकार दीनता से रहित तेजस्वी साधु और सुव्रती गृहस्थ को भली प्रकार जान कर, नृ-जन्म को हारता हुआ मनुष्य ऐसे हारने वाले व्यक्ति की दशा का क्यूं नहीं विचार करता ? अर्थात् उसे अवश्य विचार करना चाहिये।

२३. जहा कुसग्गे उदगं, समुद्देण समं मिणे।
एवं माणुस्सगा कामा, देव-कामाण अंतिए ॥

छाया—यथा कुशाग्र उदकं, समुद्रेण समं मिनुयात्।
एवं मानुष्यकाः कामा, देवकामानामन्तिके ॥

अर्थ—जैसे कुशाग्र-स्थित जल-कण को समुद्र के साथ मापा जाए, अर्थात् वह जल-कण समुद्र के आगे तुच्छ है, इसी प्रकार मनुष्य के शारीरिक सुख देवताओं के शारीरिक सुखों के आगे तुच्छ हैं।

अर्थ—इस प्रकार दीनता से रहित तेजस्वी साधु और सुव्रती गृहस्थ को भली प्रकार जान कर, नृ-जन्म को हारता हुआ मनुष्य ऐसे हारने वाले व्यक्ति की दशा का क्यूं नहीं विचार करता? अर्थात् उसे अवश्य विचार करना चाहिये।

२३. जहा कुसग्गे उदगं, समुद्देण समं मिणे।
एवं माणुस्सगा कामा, देव-कामाण अंतिए॥

छाया—यथा कुशाग्र उदकं, समुद्रेण समं मिनुयात्।
एवं मानुष्यकाः कामा, देवकामानामन्तिके॥

अर्थ—जैसे कुशाग्र-स्थित जल-कण को समुद्र के साथ मापा जाय, अर्थात् वह जल-कण समुद्र के आगे तुच्छ है, इसी प्रकार मनुष्य के शारीरिक सुख देवताओं के शारीरिक सुखों के आगे तुच्छ हैं।

२४. कुसग्ग-मेत्ता इमे कामा, सन्निरुद्धम्मि आउए।
कस्स हेउं पुरा-काउं, जोग-खेमं न संविदे॥

छाया—कुशाग्रमात्रा इमे कामाः, सन्निरुद्ध आयुषि।
कस्य हेतुं पुरस्कृत्य, योगक्षेमं न संविद्यात्॥

अर्थ—अति संक्षिप्त थोड़ी-सी आयु में जब कुशाग्र-परिमाण अल्प-मात्रा में ये सुख हैं तो फिर किस कारण को आगे करके यह जीव अपने योग-क्षेम (सुधर्म की प्राप्ति और उस के

अर्थ—अपने हित एवं कल्याण की बुद्धि से विपरीत बना हुआ, आमिष के सदृश घृणित एवं अनेकों दोषों को उत्पन्न करने वाले भोगों में खचित हुआ अपने हिताहित को न समझने वाला तथा मन्द-बुद्धि-युक्त अज्ञानी जीव श्लेष्म में मक्षिका के समान संसार में बँध जाता है।

६. दु-प्परिच्चया इमे कामा, नो सुजहा अधीर-पुरिसेहिं।
अह सन्ति सुव्वया साहू, जे तरंति अतरं वणिया व॥

छाया—दुष्परित्यजा इमे कामाः, नो सुहेया अधीरपुरुषैः।
अथ सन्ति सुव्रताः साधवः, ये तरन्त्यतरं वणिक् इव॥

अर्थ—ये काम-भोग बड़ी कठिनता से छोड़े जाते हैं। मानसिक कष्ट न सह सकने वाले पुरुषों से ये सरलता से नहीं छोड़े जाते; किन्तु जो सुव्रती साधु हैं वे वणिक् के सदृश इस विषय-वासना के दुस्तर महासमुद्र को संयम की दृढ़ महानौका द्वारा तर जाते हैं।

७. समणामु एगे वयमाणा, पाण-वहं मिया अयाणन्ता।
मन्दा निरयं गच्छंति, बाला पावियाहिं दिट्ठीहिं॥

[६] वा—अ, इ, ल।
[७] समणा मु—उ, ऋ, ल; समणानुएगे (समणा नु एगे)—इ।
वदमाणा—इ। नरयं—ऋ।

†. अथ विकल्पे पृ ४३ S.

‡. स्यान्नारकस्तु नरको निरयो दुर्गति स्त्रियाम्। —अमरकोष १।९।१॥

वाले श्रेष्ठ मुनिवर उन चोरों को कर्म-पाश से छुड़ाने के लिये इस प्रकार बोले।

४. सव्वं गंथं कलहं च, विप्पजहे तहाविहं भिक्खू।
सव्वेसु काम-जाएसु, पासमाणो न लिप्पई ताई॥

छाया—सर्वं ग्रन्थं कलहञ्च, विप्रजह्यात् तथाविधं भिक्षुः।
सर्वेषु कामजातेषु, पश्यन्न लिप्यते त्रायी॥

अर्थ— भिक्षु सब प्रकार की आसक्तियों तथा क्लेशों और इस प्रकार के राग एवं द्वेषों को विशेष प्रयत्न द्वारा छोड़े। राग-द्वेष से उत्पन्न होने वाले अनर्थों को देखता हुआ आत्म-रक्षक सावधान साधक, जिन क्रियाओं में आसक्ति उत्पन्न होती है, उन सब क्रियाओं में लिप्त नहीं होता।

५. भोगामिस-दोस-विसण्णे, हिय-निस्सेयस-बुद्धि-वोच्चत्थे।
बाले य मंदिए मूढे, बज्झई मच्छिया व खेलम्मि॥

छाया— भोगामिषदोषविषण्णः, हितनिश्रेयसबुद्धिविपर्यस्तः।
बालश्च मन्दो मूढः, बध्यते मक्षिका इव श्लेष्मणि॥

[४] लिप्पई—अ, इ, ऋ।

[५] बज्झई—अ, इ, उ, ऋ।

†. स्वार्थे कप्रत्ययः इकारश्च।

‡. भोगार्थं यो मांसपिण्डः, तस्मिन् ये दोषाः रागद्वेषादयः, तेषु यो विषण्णः।

अर्थ—अपने हित एवं कल्याण की बुद्धि से विपरीत बना हुआ, आमिष के सदृश घृणित एवं अनेकों दोषों को उत्पन्न करने वाले भोगों में लोलुप हुआ अपने हिताहित को न समझने वाला तथा मन्द-बुद्धि-युक्त अज्ञानी जीव श्लेष्म में मक्षिका के समान संसार में बँध जाता है।

६. दु-प्परिच्चया इमे कामा, नो सुजहा अधीर-पुरिसेहिं।
अह सन्ति सुव्वया साहू, जे तरंति अतरं वणिया व ॥

छाया—दुष्परित्यजा इमे कामाः, नो सुहेया अधीरपुरुषैः।
अथ सन्ति सुव्रताः साधवः, ये तरन्त्यतरं वणिज इव ॥

अर्थ—ये काम-भोग बड़ी कठिनता से छोड़े जाते हैं। मानसिक कष्ट न सहन करने वाले पुरुषों से ये सरलता से नहीं छोड़े जाते; किन्तु जो सुव्रती साधु हैं वे वणिक के सदृश इस विषय-वासना के दुस्तर महासमुद्र को संयम की दृढ़ महानौका द्वारा तैर जाते हैं।

७. समणामु एगे वयमाणा, पाण-वहं मिया अयाणन्ता।
मन्दा निरयं गच्छंति, बाला पावियाहिं दिट्ठीहिं ॥

[६] या—अ, इ, ल।
[७] समणा मु—उ, आ, ल; समणानुएगे (समणा नु एगे)—इ।
वदमाणा—इ। नरयं—अ।
†. अथ विकल्पे पृ ४३ S.
‡. स्यान्नारकस्तु नरको निरयो दुर्गति स्त्रियाम्। —अमरकोष १।९।१॥

छाया—श्रमणाः स्मः एके वदन्तः, प्राणवधं मृगा अजानन्तः।
मन्दा निरयं गच्छन्ति, बालाः पापिकाभिर्दृष्टिभिः॥

अर्थ—कोई एक मृग सदृश अज्ञानी जीव हिंसा के स्वरूप को न समझते हुए ऐसा बोलते हैं कि हम साधुपने का आचरण कर रहे हैं, किन्तु मन्द-बुद्धि वे अज्ञानी अपनी पापकारी दृष्टि के कारण नरक में जा पड़ते हैं।

८. न हु पाणवहं अणुजाणे, मुच्चेज्ज कयाइ सव्व-दुक्खाणं।
एवमारिएहिं अक्खायं, जेहिं इमो साहु-धम्मो पण्णत्तो॥

छाया—न हि प्राणवधमनुजानन्, मुच्येत कदाचित् सर्वदुःखेभ्यः।
एवमार्यैराख्यातं, यैरेष साधुधर्मः प्रज्ञप्तः॥

अर्थ—जिन्हों ने यह साधु-धर्म बताया है उन आर्य महापुरुषों ने इस प्रकार कहा है कि हिंसा की अनुमोदना करने वाला (हिंसा को बुरा न समझने वाला) व्यक्ति निश्चय ही सब दुःखों से कभी नहीं छूट सकता।

९. पाणे य नाइवाएज्जा, से समिए त्ति वुच्चइ ताई।
तओ से पावयं कम्मं, निज्जाइ उदगं व थलाओ॥

[८] एवारिएहिं—अ; एवायरिएहिं—इ; एवं आयरिएहिं—ऋ।
[९] समीइ त्ति—अ,इ; समीए त्ति—इ; समीय त्ति—ऋ। थालीओ—इ।

†. एतत्तदोः सुलोपोऽकोरनञ्समासे हलि ॥६।१।१३२॥पा०॥
‡. वेदं-तदेतदो ङसाम्भ्यां से-सिमौ ॥८।३।८१॥ हे० ॥

छाया—प्राणान् यो नातिपातयेत्, स समित इत्युच्यते त्रायी ।
ततस्तस्य पापकं कर्म, निर्यात्युदकमिव स्थलात् ॥

अर्थ—जो प्राणियों की हिंसा न करे, वह अहिंसक 'समिति से युक्त (विवेकी) है' ऐसा कहा जाता है; तब उसकी आत्मा से पाप-कर्म ऐसे निकल जाते हैं जैसे स्थल (चटियल मैदान) से पानी निकल जाता है ।

१०. जग-निस्सिएहिं भूएहिं, तस-नामेहिं थावरेहिं च ।
नो तेसिमारभे दंडं, मणसा वयसा कायसा चेव ॥

छाया—जगन्निश्रितैः भूतैः, त्रसनामकैः स्थावरैश्च (संसारोऽयम्) ।
न तेषु दण्डमारभेत, मनसा वचसा कायेन चैव ॥

अर्थ—लोकाश्रित त्रस नाम के और स्थावर नाम के जीवों से यह संसार व्याप्त है । साधक मन वचन और काया द्वारा भी उन की हिंसा न करे ।

११. सुद्धेसणाओ णच्चाणं, तत्थ ठवेज्ज भिक्खू अप्पाणं ।
जायाए घासमेसेज्जा, रस-गिद्धे न सिया भिक्खाए ॥

छाया—शुद्धैषणां ज्ञात्वा, तत्र स्थापयेद् भिक्षुरात्मानम् ।
यात्रार्थं ग्रासमेषयेत्, रसगृद्धो न स्याद् भिक्षायाः (विषये) ॥

[११] सुद्धेसणाउ—इ, ऋ । घासमेसिज्जा—उ ।

अर्थ— इस मनुष्य-जन्म में जो अपने जीवन को अनियमित बनाते हैं वे समाधि-योगों से परिभ्रष्ट हो जाते हैं और वे काम-भोग एवं रसों में गृद्धित हो कर आसुरी गति में जा पड़ते हैं।

१५. तत्तो वि य उवट्टित्ता, संसारं बहु अणुपरियट्टंति।
बहुकम्म-लेव-लित्ताणं, बोही होइ सु-दुल्लहा तेसिं॥

छाया—ततोऽपि च उद्वृत्य, संसारं बहुमनुपर्यटन्ति।
बहुकर्मलेपलिप्तानां, बोधिर्भवति सुदुर्लभा तेषाम्॥

अर्थ— वहां से निकल कर भी फिर वे इस संसार में बहुत समय तक बार-बार परिभ्रमण करते हैं। गाढ कर्मों के लेप से युक्त होने के कारण उन्हें सम्यग् ज्ञान की प्राप्ति अति-दुर्लभ हो जाती है।

१६. कसिणं पि जो इमं लोयं, पडिपुण्णं दलेज्ज इक्कस्स।
तेणावि से ण संतुस्से, इइ दुप्पूरए इमे आया॥

छाया—कृत्स्नमपि यत् (कोऽपि) इमं लोकं, प्रतिपूर्णं दद्यादेकस्मै।
तेनापि स न सन्तुष्येत्, इति दुष्पूरकोऽयमात्मा॥

अर्थ— यदि कोई धन-धान्य से परिपूर्ण यह समग्र लोक भी किसी एक को दे देवे तो भी उस से वह लोभी जीव

[१६] कसिणंपि—अ, ऋ, लृ; कसिणं वि—उ। संतूसे—इ।

सन्तुष्ट नहीं होने को आता। अतः इस आत्मा का लोभ दुष्पूर है।

१७. जहा लाहो तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढई।
दो-मास-कयं कज्जं, कोडीए वि न निट्ठियं॥

छाया—यथा लाभस्तथा लोभः, लाभाल्लोभः प्रवर्धते।
द्विमासकृतं कार्यं, कोट्यापि न निष्ठितम्॥

अर्थ— जैसे-जैसे लाभ होता है वैसे-वैसे लोभ होता जाता है। लाभ से लोभ भड़कता है जैसे कि दो मासे स्वर्ण के लिये किया गया कार्य करोड़ों स्वर्ण-मुद्राओं से भी पूरा न हुआ।

स्त्री-संसर्ग एवं सहवास की निन्दा—

१८. नो रक्खसीसु गिज्झेज्जा, गंड-वच्छासु ऽणेग-चित्तासु।
जाओ पुरिसं पलोभित्ता, खेल्लन्ति जहा व दासेहिं॥

छाया—न राक्षसीषु गृध्येत्, गण्डवक्षस्स्वनेकचित्तासु।
याः पुरुषं प्रलोभ्य, क्रीडन्ति यथा वा दासैः॥

---

[१७] पवट्टई—इ; पवड्डई—अ, ऋ।

[१८] खेलन्ति—इ, उ।

†. द्विन्योरुत् ॥८।१।९४॥ हे० ॥ क्वचिद् ओत्वमपि ॥

अर्थ—वक्षःस्थल पर जिन के मांस पिण्ड लटक रहा है और जिन का चित्त अनेक स्थानों पर गया हुआ है तथा जो पुरुषों को मोहित करके—अपने वश में करके उन से ऐसा व्यवहार करती हैं जैसे कोई दासों से किया करता है—ऐसी राक्षसी समान स्त्रियों में साधक आसक्त न होवे।

१९. नारीसु नोवगिज्झेज्जा, इत्थी विप्पजहे अणगारे।
धम्मं च पेसलं णच्चा, तत्थ ठवेज्ज भिक्खू अप्पाणं॥

छाया—नारीषु नोपगृध्येत्, स्त्रीर्विप्रजह्यादनगारः।
धर्मं च पेशलं ज्ञात्वा, तत्र स्थापयेद् भिक्षुरात्मानम्॥

अर्थ—साधु स्त्रियों की समीपता में गृद्धित न होवे अपितु स्त्रियों से विशेषरूप से भली प्रकार दूर रहे तथा भिक्षु इस धर्म को आनन्द का स्थान मान कर उसी में अपने को स्थित करे।

उपसंहार—

२०. इइ एस धम्मे अक्खाए, कविलेणं च विसुद्ध-पण्णेणं।
तरिहिंति जे उ काहिंति, तेहिं आराहिया दुवे लोगं; त्ति बेमि॥

इअ काविलियं अट्ठमं अज्झयणं समत्तं ॥८॥

---

[१९] गिज्झिज्जा—उ। नच्चा—अ, इ, ल। ठविज्ज—इ।
[२०] इइ—इ, उ, ऋ। लोगा—एक हस्त-लिखित प्रति।

छाया—इत्येष धर्म आख्यातः, कपिलेन च विशुद्धप्रज्ञेन।
तरिष्यन्ति ये तु करिष्यन्ति, तैराराधितौ द्वौ लोकौ; इति ब्रवीमि॥

इति कापिलिकमष्टममध्ययनं समाप्तम् ॥८॥

अर्थ—इस प्रकार यह धर्मोपदेश निश्चय से विशुद्ध-ज्ञानी कपिल भगवान् ने प्रतिपादन किया है। जो कोई इस के अनुसार आचरण करते हैं वे दोनों लोकों के आराधक होते हैं और इस प्रकार संसार समुद्र से तिर जाते हैं; इस प्रकार मैं कहता हूँ।

यह कपिल-केवलीय नामक आठवां अध्ययन समाप्त हुआ ॥८॥

११. एयमट्ठं निसामित्ता, हेउ-कारण-चोइओ ।
तओ नमिं रायरिसिं, देविन्दो इणमब्बवी ॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणचोदितः ।
ततो नमिं राजर्षिं, देवेन्द्र इदमब्रवीत् ॥

अर्थ—तब देवेन्द्र इस बात को सुन कर और हेतु एवं कारण से प्रेरित होकर नमि राजर्षि से यह बोला—

प्रश्न २—

१२. एस[1] अग्गी[2] य[3] वाऊ[4] य[†][5], एयं[6] डज्झइ[φ][11] मन्दिरं[7] ।
भयवं[8] ! अन्तेउरं[10] ते[9] णं[‡], कीस[§][12] णं[§][14] नावपेक्खह[13] ? ॥

छाया—एषोऽग्निश्च वायुश्च, एतद् दहति मन्दिरम् ।
भगवन् ! अन्तःपुरं तव, कस्मान्नावप्रेक्षसे ॥

अर्थ—यह[1] अग्नि[2] और[3] वायु[4] मिल कर[5] इन[6] मकानों को[7] और भगवन्[8] ! आप के[9] अन्तःपुर को[10] भस्म किये जा रहो[11] हैं, आप किस लिये[12] इधर[13] ध्यान नहीं दे रहे हैं[14] ?

---

[११] हेऊ—अ, ल; हेओ—इ ।

[१२] वाओ—इ । तेणं—अ, इ, उ, ऋ, लृ । नावपिक्खह—इ ।

†. च अविनियोगे ।

φ. वाच्यव्यत्ययेन कर्मभावः ।

‡. णं वाक्यालङ्करणे, अथवा 'तेणं' यथा 'तेणं कालेणं तेणं समएणं' इत्यादिषु सप्तम्यर्थे तृतीया आर्षे, एवमत्रापि षष्ठ्यर्थे तृतीया ।

$. किमो डिणो-डीसौ ॥८।३।६८॥ हे० ॥ ङसेर्वा भवति ॥

§. णं वाक्यालङ्करणे, अथवा 'तदो णः स्यादौ क्वचित्' ॥८।३।७०॥हे०॥

१७. एयमट्ठं निसामित्ता, हेउकारणचोइओ।
तओ नमिं रायरिसिं, देविन्दो इणमब्बवी॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणनोदितः।
ततो नमिं राजर्षिं, देवेन्द्र इदमब्रवीत्॥

अर्थ—तब देवेन्द्र इस बात को सुन कर एवं हेतु और कारण से प्रेरित होकर नमि राजर्षि से यह बोले—

प्रश्न ३—

१८. पागारं कारइत्ताणं, गोपुरट्टालगाणि यं।
उस्सूलग-सयग्घीओ, तओ गच्छसि खत्तिया!॥

[१७] हेऊ—अ, इ, ल।
[१८] च—अ। उस्सूलग सयग्धीओ—अ।

‡. पुरद्वारं तु गोपुरम्—अमर कोष २।३।१६॥ गुपू रक्षणे (भ्वा० प० से०) बाहुल्कादुरच्। गोपायति इति गोपुरम्॥

§. कई प्रतियों में 'उसूलग' और वृत्तिकार कमलसंयमी उपाध्याय जी की प्रति में 'उच्छूलग' पाठ है। किन्तु सभी इस का अर्थ 'खातिका' करते हैं जोकि दुर्ग के अथवा नगर के चारों ओर होती है तथा प्रच्छन्न-गर्त भी अर्थ किया गया है जोकि सैनिक दृष्टि से बनाए जाते हैं, जिन्हें कि आज-कल Pill-Box कहते हैं। सभी ने इस शब्द को देशीय माना है, किन्तु आचार्य हेमचन्द्र ने 'देशीनाममाला' कोश में यह शब्द नहीं दिया है।

'उस्सूलग' शब्द के साथ ही 'सयग्घी' शब्द है। तोपें शत्रु का दूर से हनन करती हैं किन्तु सैनिकों को समीपवर्ती युद्ध भी करना होता है जहां कि पुरावर्ती काल में नेज़े भाले काम आते थे, इस लिये हम ने 'उस्सूलग' शब्द को देशीय न मान कर उत्शूलक का तद्भव माना है।

छाया—प्राकारं कारयित्वा, गोपुराट्टालकानि च ।
उत्शूलकशतघ्नीः, ततो गच्छ क्षत्रिय ! ॥

अर्थ—हे क्षत्रिय ! पहले अपने नगर का कोट एवं खाई बनवाओ, नगर के द्वार एवं अट्टालिकाएं खड़ी करवाओ तथा नेज़े भाले एवं तोपें तय्यार करवाओ, तब दीक्षा के लिये जाना ।

१९. एयमट्ठं निसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ नमी रायरिसी, देविन्दं इणमब्बवी ॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणचोदितः ।
ततो नमी राजर्षिः देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ॥

अर्थ—यह बात सुन कर तदनन्तर हेतु एवं कारण से प्रेरित हो कर नमि राजर्षि देवेन्द्र से यह बोले—

उत्तर—(निभिर्विशेपकम्)

२०. सद्धं नगरं किच्चा, तव-संवरमग्गलं ।
खन्तिं निउण-पागारं, ति-गुत्तं दुप्पधंसयं ॥

[१९] हेऊ—अ, इ, ल । देवेन्दे—इ ।

[२०] खन्तीनिउणपागारं—इ ।

†. इकाण्णादाभ्यश्चाः ।२।३।१३७।जैन०॥ त्तप्रत्ययस्य ॥ 'इः कादीनां स्वरस्य चि' ।३।१।३९॥ जैन० ॥

छाया—प्रासादान् कारयित्वा, वर्द्धमानगृहाणि च ।
बालाग्रपोतिकाश्च, ततो गच्छ क्षत्रिय ! ॥

अर्थ—हे क्षत्रिय ! राज-महल एवं स्वस्तिका आकार वाले वर्द्धमान गृहों का तथा छह ऋतुओं में सुख देने वाले वलभी घरों व जल-क्रीडा करने वाले पोतिका घरों का निर्माण करवा कर फिर दीक्षा के लिये जाना ।

२५. एयमट्ठं निसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ नमी रायरिसी, देविन्दं इणमब्बवी ॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणचोदितः ।
ततो नमी राजर्षिः, देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ॥

अर्थ—तब नमि राजर्षि यह सुभाव सुन कर तथा हेतु एवं कारण से प्रेरित होकर देवेन्द्र से यह बोले—

उत्तर—

२६. संसयं खलु सो कुणई, जो मग्गे कुणई घरं ।
जत्थेव गंतुमिच्छेज्जा, तत्थ कुव्वेज्ज सासयं ॥

---

[२५] हेऊ—अ, इ, ल । देवेन्दं—इ ।

[२६] कुणइं—अ, इ, भ ।

१. गृहस्य घरोऽपतौ ॥८।२।१४४॥हे०॥

३३. एयमट्ठं निसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ नमी रायरिसी, देविन्दं इणमब्बवी ॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणचोदितः ।
ततो नमी राजर्षिः, देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ॥

अर्थ—यह प्रस्ताव सुन कर हेतुकारण से प्रेरित नमि राजर्षि तब देवेन्द्र से यूं बोले—

उत्तर—

३४. जो सहस्सं सहस्साणं, संगामे दुज्जए जिणे ।
एगं जिणेज्ज अप्पाणं, एस से परमो जओ ॥

छाया—यः सहस्रं सहस्राणां, सङ्ग्रामे दुर्जये जयेत् ।
एकं जयेदात्मानं, एष तस्य परमो जयः ॥

अर्थ—जो दुर्जय संग्राम में हज़ारों के हज़ार (दस लाख) सुभटों को जीते और एक अपनी आत्मा को जीते, तो उस की यह उत्कृष्ट जीत है ।

३५. अप्पाणमेव जुज्झाहि, किं ते जुज्झेण वज्झओ ।
अप्पणा चेव† अप्पाणं, जइत्ता सुहमेहए ॥

---

[३३] हेऊ—अ, इ, ल । देवेन्दं—इ ।

[३५] अप्पणामेवमप्पाणं—अ, ऋ; अप्पाणमेवमप्पाणं—इ, उ; हस्तलिखित प्रतियों में दूसरे 'म' के स्थान में 'अ' है तथा संस्कृत टीकाओं के एवं आधुनिक मुद्रित प्रतियों के मूलपाठ में दोनों 'म' नहीं हैं ।

†. च अन्वाचये पृष्ठ ४५ †.

छाया—घोराश्रमं त्यक्त्वा, अन्यं प्रार्थयसे आश्रमम् ।
इहैव पौषधरतः, भव मनुजाधिप ! ॥

अर्थ—हे नराधिपति ! इस घोराश्रम (गृहस्थाश्रम) का त्याग करके अन्य आश्रम (संन्यासाश्रम) की इच्छा करते हो—यह ठीक नहीं ! तुम्हें इस गृहस्थाश्रम में ही पौषधों में रत होकर रहना चाहिये ।

४३. एयमट्ठं निसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ नमी रायरिसी, देविन्दं इणमब्बवी ॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणचोदितः ।
ततो नमी राजर्षिः, देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ॥

अर्थ—यह उपालम्भ सुन कर नमी राजर्षि हेतुकारण से प्रेरित होकर फिर देवेन्द्र से इस प्रकार बोले—

उत्तर—

४४. मासे मासे तु जो बालो, कुसग्गेण तु भुंजए ।
न सो सुक्खाय-धम्मस्स, कलं अग्घइ सोलसिं ॥

छाया—मासे मासे तु यो बालः, कुशाग्रेण तु भुङ्क्ते ।
न स स्वाख्यातधर्मस्य, कलामर्हति षोडशीम् ॥

---

[४३] हेऊ—अ, इ, ह । देविन्दं—इ ।

[४४] सुयक्खाय—द; सुअक्खाय— उ, ह ।

१. देखो विशेष पृ० ७३ १.

२. लुक् ॥८।१।१०॥ हे० ॥ स्वरस्य स्वरे परे बहुलं लुग् भवति ॥

४६. हिरण्णं सुवण्णं मणिमुत्तं, कंसं दूसं च वाहणं ।
कोसं वड्ढावइत्ताणं, तओ गच्छसि खत्तिया ! ॥

छाया—हिरण्यं सुवर्णं मणिमुक्तम्, कांस्यं दूष्यं च वाहनम् ।
कोशं वर्धयित्वा, ततो गच्छ क्षत्रिय ! ॥

अर्थ—हे क्षत्रिय ! नाना प्रकार के आभूषण, स्वर्ण, मणि, मोती, सुन्दर थाल आदि कांस्य बरतन, मूल्यवान् रेशम आदि के वस्त्र और अनेक प्रकार के वाहनों से अपना भण्डार भरपूर करके फिर दीक्षार्थ जाना !

---

[४५] हेऊ—अ, ड, ढ ।

S. हिरण्यं घटितं हेम, सुवर्णमघटितमिति वृत्तिकारः कमलसंयमोपाध्यायः ॥

४७. एयमट्ठं निसामित्ता, हेउकारणचोइओ ।
तओ नमी रायरिसी, देविन्दं इणमब्बवी ॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणचोदितः ।
ततो नमी राजर्षिः, देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ॥

अर्थ—यह प्रार्थना सुन कर हेतुकारण से प्रेरित नमि राजर्षि फिर देवेन्द्र से इस प्रकार बोले—

उत्तर—(शक्र)

४८. सुवण्ण-रुप्पस्स उ पव्वया भवे,
सिया हु केलास-समा असंखया ।
नरस्स लुद्धस्स न तेहि किंचि,
इच्छा हु आगास-समा अणंतिया ॥

[४७] हेऊ—अ, इ, ल । देविन्दं—इ ।

[४८] रूप्पस्स—इ । तेहिं—अ, इ ।

†. ह्रस्वः संयोगे ॥८।१।८४॥ हे० ॥

‡. तु विशेष पृ० ७२ †.

S. देखो पृष्ठ ५९ ‡.

सिआ=कदाचित्, अनेकान्त—पाइअसद्दमहण्णवो ।

§. भिसो हि-हिँ-हिं ॥८।३।७॥ हे० ॥

छाया—एतमर्थं निशम्य, हेतुकारणचोदितः ।
ततो नमी राजर्षिः, देवेन्द्रमिदमब्रवीत् ॥

अर्थ—यह आशंका सुन कर हेतुकारण से प्रेरित नमि राजर्षि फिर देवेन्द्र से यूं बोले—

उत्तर—

५३. सल्लं कामा विसं कामा, कामा आसी-विसोवमा ।
कामे यँ पत्थेमाणा, अ-कामा जन्ति दुग्गइं ॥

छाया—शल्यं कामा विषं कामाः, कामा आशीविषोपमाः ।
कामाँश्च प्रार्थयमानाः, अकामा यन्ति दुर्गतिम् ॥

अर्थ—काम-भोग शल्यरूप हैं, काम-वासना विष-तुल्य है, काम-विकार आशीविष सर्प के समान हैं और कामभोग की सामग्री न होने पर भी, विषय की इच्छा-मात्र से जीव दुर्गति में जाते हैं ।

५४. अहे वयन्ति कोहेणं, माणेणं अहमा गई ।
माया • गई पडिग्घाओ लोभाओ दुहओ भयं ॥

छाया—अधो व्रजन्ति क्रोधेन, मानेनाधमा गतिः ।
मायया (सु)गतिप्रतिघातः, लोभाद् द्विधा भयम् ॥

अर्थ—क्रोध के कारण जीव अधोगति में जाते हैं, मान करने से नीच गति मिलती है, छल-कपट से सुगति विगड़ती है और लोभ से दोनों लोक भयावह बनते हैं ।

प्रकरण का उपसंहार—

५५. अवउज्झिऊण माहण-रूवं, विउव्विऊण इ‌ंदत्तं ।
वन्दइ अभित्थुणंतो, इमाहि महुराहिं वग्गूहिं ॥

छाया—अवोज्झय ब्राह्मणरूपं, विकुर्वि(कृ)त्वा इन्द्रत्वम् ।
वन्दतेऽभिष्टुवन्, एभिर्मधुराभिर्वल्गुभिः ॥

अर्थ—अब इन्द्र अपने ब्राह्मण का रूप छोड़ कर और इन्द्र-पने की ऋद्धि का वैक्रिय करके इन मधुर वचनों से ऋषि की भक्ति-पूर्वक स्तुति करता हुआ उन्हें वन्दना करता है ।

५६. अहो ! ते निज्जिओ कोहो, अहो ! माणो पराजिओ ।
अहो ! निरक्किया माया, अहो ! लोभो वसी-कओ ॥

---

[५५] विउव्विऊण—इ । अभित्थुणन्ता—इ । इमाहिं—उ ।
[५६] लोहो—उ, लृ ।

†. उज्झ् उत्सर्गे, तुदादि १३ ॥
‡. उपसर्गात्सुनोति-सुवति-स्यति-स्तौति० ॥८।३।६५॥पा०॥
§. अहो च ॥८।१।४०॥पा०॥ पूजायाम् ।
अहो विस्मये हर्षे च, तथा भूरि-प्रशंसायाम् ।

अर्थ—चक्र और अंकुश के चिन्हों से युक्त श्रेष्ठ मुनि नमिराज के चरण-कमलों में नमस्कार करने के पश्चात् हिलते हुए सुन्दर कुण्डल और मुकुट वाला इन्द्र आकाश-मार्ग से चला गया (अन्तर्धान हो गया)।

६१. नमी नमेइ अप्पाणं, सक्खं सक्केण चोइओ ।
चइऊण गेहं च वेदेही, सामण्णे पज्जुवट्ठिओ ॥

छाया—नमिर्नमयत्यात्मानं, साक्षात् शक्रेण नोदितः ।
त्यक्त्वा गृहं च वैदेही, श्रामण्ये पर्युपस्थितः ॥

अर्थ—प्रत्यक्ष रूप से शक्रेन्द्र द्वारा प्रेरित प्रशंसित एवं वन्दित होने पर भी नमि राजर्षि अपने आप को नम्र बनाते हैं और विशाल ऋद्धि के स्वामी घर-बार व परिवार को छोड़ कर साधु-पने में रंग जाते हैं।

अध्ययन का उपसंहार—

६२. एवं करेन्ति संबुद्धा, पंडिया पवियक्खणा ।
विणियट्टन्ति भोगेसु, जहा से नमी रायरिसि;त्ति बेमि ॥

इअ नमि-पव्वज्जा नामं नवमं अज्झयणं समत्तं ॥९॥

---

[६१] विदेही—इ ।

[६२] करन्ति—इ ।

§. विशेषेण देहः (उपचयः) यस्य । स्वार्थेऽण् । वैदेहः । सोऽस्यास्ति इति णिनिः ॥

†. ह्रस्वः संयोगे ॥८।१।८४॥ हे०॥

५. पुढवि-कायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

छाया—पृथिवीकायमतिगतः, उत्कर्षं जीवस्तु संवसेत् ।
कालं संख्यातीतं, समयं गौतम ! मा प्रमादीः ॥

अर्थ—हे गौतम ! पृथ्वीकाय में फँसा हुआ जीव यदि उत्कृष्ट रूप से वहां रहे तो असंख्यात काल तक वहीं रहे. इस लिये समय-मात्र भी प्रमाद मत कर !

६. आउ-क्कायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

छाया—अप्कायमतिगतः, उत्कर्षं जीवस्तु संवसेत् ।
कालं संख्यातीतं, समयं गौतम ! मा प्रमादीः ॥

अर्थ—अप् काय में चला गया जीव वहां यदि उत्कृष्ट रूप से रहे तो असंख्यात काल लग जाए, अतः हे गौतम ! एक समय का भी प्रमाद मत कर !

७. तेउ-क्कायमइगओ, उक्कोसं जीवो उ संवसे ।
कालं संखाईयं, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

छाया—तेजस्कायमतिगतः, उत्कर्षं जीवस्तु संवसेत् ।
कालं संख्यातीतं, समयं गौतम ! मा प्रमादीः ॥

---

[७] तेओ—इ ।

†. त्रु भेदे ।

‡. कस्कादिषु च ॥८।३।४८॥पा।

२४. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवन्ति ते ।
से जिब्भ-बले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

छाया—परिजीर्यति ते शरीरकं, केशाः पाण्डुरका भवन्ति ते ।
तज्जिह्वाबलञ्च हीयते, समयं गौतम ! मा प्रमादयेः ॥

अर्थ—तुम्हारा शरीर कृश हुआ जाता है, केशों में श्वेतता आ रही है और वह जिह्वा का बल कम होता जा रहा है, अतः हे गौतम ! एक समय का भी प्रमाद मत कर !

२५. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवन्ति ते ।
से फास-बले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

छाया—परिजीर्यति ते शरीरकं, केशाः पाण्डुरका भवन्ति ते ।
तत् स्पर्शबलञ्च हीयते, समयं गौतम ! मा प्रमादयेः ॥

अर्थ—तुम्हारी शरीर की स्वस्थता घटती जा रही है, केश अपना रंग छोड़ते जा रहे हैं और वह स्पर्श-शक्ति कम होती जा रही है, अतः हे गौतम ! समय-भर का भी प्रमाद मत कर !

२६. परिजूरइ ते सरीरयं, केसा पंडुरया हवन्ति ते ।
से सव्व-बले य हायई, समयं गोयम ! मा पमायए ॥

छाया—परिजीर्यति ते शरीरकं, केशाः पाण्डुरका भवन्ति ते ।
तत् सर्वबलञ्च हीयते, समयं गौतम ! मा प्रमादयेः ॥

अर्थ—तुम्हारा शरीर विकृत होता जा रहा है, केश झड़ते

1. ह्वो भो वा ॥८।२।५७॥ हे०॥

३०. अवउज्झिय मित्त-बन्धवं, विउलं चेव धणोह-संचयं।
मा तं विइयं गवेसए, समयं गोयम ! मा पमायए॥

छाया—अवोज्झय मित्रबान्धवं, विपुलं चैव धनौघसञ्चयम्।
मा तद् द्वितीयं गवेषय, समयं गौतम ! मा प्रमादयेः॥

अर्थ—मित्र-प्यारे सगे-सम्बन्धी और एकत्रित किये धन के इन सब विशाल ढेरों को निश्चित रूप से छोड़ कर, हे गौतम ! फिर इन के पीछे मत भागो और समय-मात्र का भी प्रमाद मत करो !

३१. 'न हु जिणे अज्ज दीसइ, बहु-मए दीसइ मग्ग देसिए।'
संपइ णेयाउए पहे, समयं गोयम ! मा पमायए॥

छाया—न खलु जिनोऽद्य दृश्यते, बहुमतो दृश्यते मार्गो देशितः।
सम्प्रति नैयायिके पथि, समयं गौतम ! मा प्रमादयेः॥

अर्थ—भविष्यत् काल में भव्य जीव 'आज कोई तीर्थंकर देव दिखाई नहीं दे रहे हैं किन्तु उन द्वारा प्रतिपादित बहुत लोगों से मान्य मार्ग दिखाई दे रहा है' ऐसा विचार कर आत्म-

[३१] दिस्सई—अ, इ, ऋ, ल। दिस्सइ—अ, इ, ऋ, ल।

†. अव त्यागो परिभवे वियोगाल्म्बशुद्धिषु।
इपदर्थेऽपि विज्ञानेऽपि,........ ॥७०॥
—विश्वलोचनकोशः॥

साधना में रत रहेंगे और हे गौतम[11] ! तुम्हें तो अब[12] साक्षात् न्याय-कारी[13] मार्ग[14] मिला हुआ है. अतः समय-मात्र[15] का भी प्रमाद[16] मत[17] करो !

३२. अवसोहिय[3] कण्टगा[1]-पहं[2], ओइण्णो[7]ऽसि[8] पहं[6] महालयं[5]।
गच्छसि[11] मग्गं[10] विसोहिया[9], समयं[12] गोयम[4] ! मा[14] पमायए[13] ॥

छाया—अवशोध्य कण्टकपथं, अवतीर्णोऽसि पन्थानं महालयम्।
गच्छसि मार्गं विशोध्य, समयं गौतम ! मा प्रमादयेः ॥

अर्थ—कण्टक[1]-पंथ[2] को दूर[3] करके हे गौतम[4] ! तुम राज[5]-पंथ[6] पे आगए[7] हो[8], इस का भी विशोधन[9] करते हुए सही दिशा[10] में जा रहे[11] हो, अतः एक समय[12] का भी प्रमाद[13] न करते[14] हुए सदा सावधान रहो !

३३. अबले[3] जह[2] भार[1]-वाहए[4], मा[5] मग्गे[12] विसमे[7]ऽवगाहिया[6][8]।
पच्छा[9] पच्छाणुतावए[10], समयं[13] गोयम[11] ! मा[15] पमायए[14] ॥

छाया—अबलो यथा भारवाहकः, मा मार्गं विषममवगाह्य।
पश्चात्पश्चादनुतापकः (अभूः) समयं गौतम ! मा प्रमादयेः ॥

अर्थ—जैसे[1] बल[2]-हीन[3] भार[4]-वाहक[5] विषम[6]-मार्ग[7] के अपनाने[8] के पश्चात्[9] पश्चात्ताप[10] करता है, इस प्रकार हे गौतम[11] ! तुम ने[12] मत करना, अतः समय[13] का भी मकर-प्रमाद[14] मत[15] करो !

---

[३२] अवसोहियकण्टगापहं—इ; कण्टगा पहं—अ, उ।

३४. तिण्णो हु सि अण्णवं महं, किं पुण चिट्ठसि तीरमागओ।
अभितुर पारं गमित्तए, समयं गोयम! मा पमायए॥

छाया—तीर्णः खलु असि अर्णवं महान्तं, किं पुनस्तिष्ठसि तीरमागतः।
अभित्वरस्व पारं गन्तुं, समयं गौतम! मा प्रमादीः॥

अर्थ—हे गौतम! निश्चय ही तुम इस महा-समुद्र को तिर चुके हो, फिर क्यों किनारे पर आकर अटक गए हो, पार पाने के लिए ज़रा और प्रयत्न करो और एक समय का भी प्रमाद मत होने दो!

३५. अकलेवर-सेणिं ऊसिया, सिद्धिं गोयम! लोयं गच्छसि।
खेमं च सिवं अणुत्तरं, समयं गोयम! मा पमायए॥

छाया—अकलेवरश्रेणिमुच्छ्रित्य, सिद्धिं गौतम! लोकं गच्छसि।
क्षेमञ्च शिवमनुत्तरं, समयं गौतम! मा प्रमादयेः॥

अर्थ—हे गौतम! शरीर-रहित की ऋजु श्रेणि से ऊर्ध्व-गति करके तुम उत्कृष्ट कुशल एवं कल्याण रूप सिद्धि-स्थान को प्राप्त करोगे, अतः हे गौतम! समय मात्र का भी प्रमाद मत करो!

---

[३५] ऊसिया—इ, उ, ऋ।

†. सान्तमहतः संयोगस्य ॥६।४।१०॥पा०॥

‡. वर्तमानसामीप्ये वर्तमानवद्वा ॥३।३।१३१॥पा०॥

३६. बुद्धे परिनिव्वुडे चरे, गाम-गए नगरे व संजए।
संति-मग्गं च वूहए, समयं गोयम! मा पमायए॥

छाया—बुद्धः परिनिर्वृतश्चरेः, ग्रामगतो नगरे वा संयतः।
शान्तिमार्गञ्च बृंहयेः, समयं गौतम! मा प्रमादयेः॥

अर्थ—सम्यग् ज्ञान से युक्त (गीतार्थ) साधक ग्राम में गया हुआ अथवा नगर में आया हुआ इन्द्रिय एवं मन को वश में रखते हुए स्वस्थ-चित्त से विचरण करे और शान्ति-मार्ग का प्रसार करे—इस कार्य में हे गौतम! समय-भर का भी प्रमाद न करो।

